# सार्वजनिक सूचना

## हिमाचल प्रदेश स्टेट फौरेस्ट डिवैल्पमैंट कारपोरेशन लिमिटिड में वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती

हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम सीमित, शिमला के अन्तर्गत अनुबन्ध आधार पर वन रक्षकों (वेतनमान 5910–20200 + 2000 ग्रेड पे) के कुल 75 पदों के लिये सीधी भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं । इस उदेश्य हेतू अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षकों की भर्ती सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या **एफ एफ ई–ए (बी) 2–2/2019 दिनांक 25.08.2020 के अनुसार की जा रही है। यह भर्ती, हिमाचल प्रदेश वन विभाग वन रक्षक, वर्ग–III (अराजपत्रित), कार्यपालक अनुभाग, भर्ती और पदोन्नति नियम, 2014 जो कि हि0 प्र0 सरकार की अधिसूचना संख्या एफ एफ ई–ए (बी) 2–23/2010 दिनांक 20.09. 2014 तथा प्रथम संशोधन एफ एफ ई–ए (बी) 2–23/20107–1 दिनांक 08.07.2016 तथा द्वितीय संशोधन एफ एफ ई–ए (बी) 2–8/20107 दिनांक 26.08.2017 द्वारा अधिसूचित किए गए हैं के आधार पर की जाएगी। वन** निगम में अनुबंध आधार पर चयनित वन रक्षक कों **निगम के सेवा उपनियम (Service Bye Laws )** के तहत 5910 रू0 (मूल वेतन)+ 2000 रू0 (ग्रेड पे). अन्य वृद्वि ( enhancement of grade pay) की राशि प्रति माह अनुबंध वेतन के रूप में दी जाएगी। वन रक्षक के पद पर चयनित उम्मीदवार को अनुबंध के आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए लगाया जाएगा जिसका वर्षानुवर्ष नवीनकरण/अवधि विस्तार, सक्षम अधिकारी द्वारा वर्ष के दौरान संतोषजनक सेवा और आचारण प्रमाणित करने के उपरांत किया जाएगा।

यदि अनुबंध में एक वर्ष या उससे अधिक की बढ़ौतरी की जाती है तो पश्चातवर्ती वर्ष/वर्षों के लिए अनुबंध राशि में सेवा नियमानुसार तीन प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि देने का प्रावधान है।

वन रक्षको के पद वन निगम मे राज्य स्तरीय संवर्ग के है। यह भर्ती प्रकिया निदेशक (उत्तर), (मध्य) एवं (दक्षिण) क्षेत्रो द्वारा जोकि कमशः धर्मशाला, मण्डी व शिमला में स्थित हैं संचलित की जा रही हैं जोकि मात्र भर्ती प्रकिया हेतु ही अधिकृत हैं । चयनित प्रार्थियों की नियुक्ति हिमाचल प्रदेश में वन निगम के कार्य हेतु आवश्यकतानुसार कही भी की जा सकती है । नवनियुक्त वन रक्षकों की पहली तैनाती जनजातीय/दुर्गम क्षेत्रों में पद उपलब्धता के आधार पर की जाएगी। यदि आवेदक वन निगम में भर्ती होने का इच्छुक हो और निर्धारित शर्तो एवं योग्यता को पूरी करता हो तो वह विज्ञापन के प्रकाशित होने के बाद हि0 प्र0 राज्य वन निगम सीमित की official website (https://www.hpforestco.in) या सीधे हिमाचल प्रदेश वन विभाग की website (http://forp.hp.gov.in) के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन रूप से दिनांक 06–07–2021 से दिनांक 19–08–2021 को सांय पांच बजे तक आवेदन कर सकता है। पदों का श्रेणीवार ब्यौरा निम्नलिखित हैः–

| कं0 सं0 | श्रेणी | अनारक्षित | गृह रक्षक | स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चे | भूतपूर्व सैनिक | खिलाड़ी | आई0 आर0 डी0 पी0/अन्तोदय /बी0पी0एल0 | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 23 | 4 | 1 | 6 | 2 | 0 | **36** |
| 2 | अनुसूचित जाति | 10 | 2 | 0 | 2 | 0 | 2 | **16** |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 8 | 1 | 0 | 2 | 0 | 2 | **13** |
| 4 | अनुसूचित जन– जाति | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | **3** |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) | 6 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **7** |
| | योग | **49** | **8** | **1** | **11** | **2** | **4** | **75** |

**नोटः– भूतपूर्व सैनिक ( Ex-Servicemen) व की भर्ती हेतू सम्बन्धित विभाग को प्रार्थियों के नाम प्रायोजक करने हेतू अलग से लिखा जा रहा है।**

**अतः भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थीयों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

**आवेदन भेजने से पहले वन निगम की वैबसाईट पर उपलब्ध विज्ञापन का अवलोकन करें।**

## I. पात्रता की आवश्यक शर्ते एवं योग्यतायें :–

1) अभ्यार्थी **भारत** का स्थाई नागरिक होना चाहिए ।
2) आवेदक की आयु **1 जनवरी 2021** को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
3) आवेदक ने हिमाचल प्रदेश के किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10+2 की या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो
4) **आवेदक का नाम हिमाचल के** किसी भी रोजगार कार्यालय/उप–रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए व प्रार्थी का रोज़गार पंजीकरण कार्ड आवेदन की तिथी पर वैध होना आवश्यक है।

5) हिमाचल प्रदेश की रूढ़ियों, रीतियों और बोलियों को ज्ञान और प्रदेश में विद्यमान विशिष्ट दशाओं में नियुक्ति के लिए उपयुक्तता।

**नोटः— अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछडे वर्गों के उम्मीदवारों के लिए नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।**

6) **न्यूनतम शारीरिक मापदण्डः—**

| कं0 सं0 | मापदण्ड | पुरूष | महिला |
|---|---|---|---|
| 1 | लम्बाई (कद) | 165 सैं0मी0 | 150 सैं0मी0 |
| 2 | छाती (क) बिना फुलाए | 79 सैंमी0 | 74 सैं0मी0 |
| | (ख) फुलाकर | 84 सैं0मी0 | 79 सैं0मी0 |

नोटः अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की बावत शारीरिक मानदण्ड लम्बाई में 5 सैं0मी0 तक और छाती को फुलाए बिना और फुलाकर प्रत्येक की बावत 4 सैं0मी0 की छूट दी जाएगी ।

**भर्ती प्रकियाः—**

भर्ती प्रकिया में निम्नलिखित 3 परीक्षण होंगे जिनके अंक निम्न तालिका के अनुसार हैं:—

| परीक्षण | निर्धारित अंक |
|---|---|
| शारीरिक दक्षता | कोई अंक नहीं (केवल उत्तीर्ण करना अनिवार्य) |
| लिखित परीक्षा | 85 |

**मूल्यांकनः—**

उपरोक्त पदो के लिए योग्यता सूची (Merit List) लिखित परीक्षा के अंकों व नीचे दर्शाए गए प्रमाण पत्रों, जो कि हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या Per(AP.B)B(15)-5/2014 दिनांक 17.04.2017 व 25.04.2017 द्वारा अधिसूचित किए गए हैं के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। अतः उम्मीदवारों को निर्देश दिए जाते हैं कि वह मूल्यांकन के समय नीचे दिए गए प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां स्वयं सत्यापित करने के उपरान्त साथ अवश्य लाएं। प्रमाण पत्रों के आधार पर अंकों का विवरण निम्न प्रकार से हैः—

| | | |
|---|---|---|
| i) | Weightage for the minimum educational qualification as per the Recruitment and Promotion Rules. (Percentage of marks obtained in the educational qualification would be multiplied by 0.025. For example, an individual has secured 50% marks in the required educational qualifications, he/she will be allowed 1.25 marks (50X0.025=1.25) | 2.5 (two & a half) |
| ii) | Belonging to notified Backward Area of Panchayat, as the case may be | 1 (One) |
| iii) | Land less family/family having land less than 1 Hectare to be certified by the concerned Revenue Authority. | 1 (One) |
| iv) | Non-employment Certificate to the effect that none of the family members is in Government/Semi Government | 1 (One) |
| v) | Differently abled persons with more than 40% impairment/disability/infirmity | 1 (One) |
| vi) | NSS(atleaset one year) certificate holders in NCC/The Bharat Scout and Guide. Medal winner in National Level Sports competitions. | 1 (One) |
| vii) | BPL family having family annual income (from all sources) below Rs. 40,000/- or as prescribed by the Govt. from time to time. | 1 (One) |
| viii) | Widow/divorced/destitute/single woman. | 1 (One) |
| ix) | Single daughter/Orphan | 1 (One) |
| x) | Training of atleast 6 months duration related to the post applied for from a recognized University/Institution. | 1 (One) |
| xi) | Experience upto a maximum of 5 years in Govt./Semi Govt. organization relating to the post applied for (0.5 mark only for each completed year). | 1 (One) |

शारीरिक दक्षता परीक्षण के नियमः

वे उम्मीदवार जो न्यूनतम शारीरिक मापदंड पूर्ण करते हों उन्हें निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण मानकों के आधार पर उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Efficiency Test) परीक्षा के अंक नहीं दिये जाएंगे। शारीरिक दक्षता परीक्षण समय सारणी के अनुसार होगा जिसकी सूचना बाद में दी जाएगी।

शारीरिक दक्षता टैस्ट----------

| | पुरूष वर्ग | | महिला वर्ग | | किसी भी अभ्यर्थी को दौड़ों में अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाएगा। |
|---|---|---|---|---|---|
| दौड़ | दूरी | समय | दूरी | समय | |
| | 100 मीटर | 14 सैकिन्ड | 100 मीटर | 17 सैकिन्ड | |
| | 800 मीटर | 2.45 मिनट | 800 मीटर | 4.15 मिनट | |
| कूद / छलांग कम से कम | उंची कूद / छलांग कम से कम | लम्बी कूद / छलांग कम से कम | उंची कूद / छलांग कम से कम | लम्बी कूद / छलांग कम से कम | प्रत्येक स्तर पर अधिकतम तीन मौके दिए दिए जाएंगे। |
| | 1.25 मीटर | 4.00 मीटर | 1.00 मीटर | 3.00 मीटर | |

1. वे उम्मीदवार जो शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उतीर्ण होंगे, केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा में बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा लिखित परीक्षा की तिथि एवं स्थान की सूचना उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण के तुरंत बाद दी जाएगी। लिखित परीक्षा की सम्भावित तिथी 31 अक्तूबर, 2021 रविवार होगी।

2. लिखित परीक्षा में 85 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (objective type questions) होगें जिनके उत्तर हेतु 75 मिनट का समय दिया जाएगा । ये दसवीं कक्षा के स्तर या इसके समकक्ष मानक का होगा और इसमें भाषा , सामान्य विज्ञान व ज्ञान, प्रदेश के प्रति जानकारी तथा समान्य जंगलों के प्रति जागरूकता, वातावरण एवं वन्य प्राणी, reasoning and aptitude इत्यादि प्रश्न शामिल होगें । उतर पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतु प्रार्थी को नीली / काली स्याही का वॉल पैन व लिखने के लिए गत्ता लाना अनिवार्य होगा ।

3. शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा लिखित परीक्षा के परिणामों पर आधारित योग्यता सूची के अनुसार उम्मीदवारों को मूल्यांकन मापदण्ड हेतू बुलाया जाएगा, जिस बारे उन्हें पंजीकृत पत्र / स्पीड पोस्ट / Online http://forp.hp.gov.in द्वारा सूचित किया जाएगा।

## III आवेदकों के लिए निर्देशः–

1) आवेदन पत्र Online http://forp.hp.gov.in पर होना चाहिए।
2) प्रार्थना पत्र की जांच के उपरान्त उम्मीदवारों को Web Portal http://forp.hp.gov.in से शारीरिक दक्षता परीक्षा के बारे सूचित किया जाएगा । यदि उम्मीदवार को किसी कारणवश सूचना नहीं मिल पाती है तो वह शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू होने की तिथि से पहले सम्बन्धित निदेशक कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क कर सकता है। **शारीरिक दक्षता परीक्षण 21.09.2021 से 20.10.2021 तक** किए जाने की सम्भावना है।
3) अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा ।
4) यदि कोई आवेदन पत्र अधूरा प्राप्त होता है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा ।
5) यदि शारीरिक दक्षता परीक्षण की प्रक्रिया निर्धारित तिथि को पूर्ण नहीं होती है तो वह अगले दिन भी जारी रहेगी।
6) आवेदक शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय निम्नलिखित दस्तावेज़ मूलरूप में अपने साथ अवश्य लाएं:–

   क) दसवीं एवं 10+2 कक्षा का पास प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र।

ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछडा वर्ग व स्वतन्त्रता सैनानियों के बच्चों/पौत्र/ पौत्री/आई0 आर0 डी0 पी0/अन्तोदय का नवीनतम प्रमाण पत्र ।

ग) एन0 सी0 सी0/एन0 एस0 एस0/खेल, अन्य पाठ्य सहायक क्रियांओं में भाग लेने इत्यादि से सम्बधित प्रमाण पत्र ।

घ) रोजगार कार्यालय में पंजीकरण का प्रमाण पत्र जिसका नवीनीकरण आवेदन की तिथी तक किया गया हो।

7) यदि प्रार्थी किसी भी परीक्षण के लिए निर्धारित तिथियों को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी।

8) सक्षम अधिकारी बिना कोई कारण बताए/बिना शर्त इस चयन प्रक्रिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखता है ।

9) केवल वही अभ्यार्थी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं जिनका नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो जिसका नवीनीकरण आवेदन की तिथी तक किया गया हो।

10) अनुबंध के आधार पर नियुक्त अभ्यार्थी को किसी भी दशा में सेवा में नियमितीकरण का कोई अधिकार प्रदान नहीं होगा ।

11) प्रमाण पत्र का स्वयं सत्यापन मान्य होगा।

12) जब अभ्यार्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतू बुलाए जाएंगे उस समय वह नवीनतम पांसपोर्ट साईज़ फोटो की 4 प्रतियां अपने साथ अवश्य लाएं ।

13) भर्ती की प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश में हो रही है अतः निवेदकों को सुझाव दिया जाता है कि वह अपने नज़दीकी सम्बधित निदेशक तथा केवल एक निदेशक कार्यालय में ही आवेदन करें। कृपया नोट करे कि एक से अधिक निदेशक कार्यालय मे किया गया आवेदन रद्ध समझा जाएगा ।

**आवेदन भेजने से पहले उपरोक्त शर्तों एवं पूर्ण विज्ञापन का अवलोकन करें।**

**हि0 प्र0 राज्य वन विकास निगम में जो वन रक्षकों के पद भरे जाने हैं वह राज्य स्तरीय पद हैं तथा इसकी भर्ती भी राज्य स्तर पर ही होगी । राज्य वन विकास निगम के समस्त निदेशक इस भर्ती प्रक्रिया का एक भाग हैं । इसकी वरिष्ठता सूची भी राज्य स्तरीय होगी ।**

**उम्मीद्वार अन्य विस्तृत जानकारी हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम सीमित की वेवसाईट (https://www.hpforestco.in) से या निम्नलिखित कार्यालयो के दुरभाष नम्बरो पर भी सम्पर्क कर सकते है।**

**निदेशक (दक्षिण) शिमला 0177–2621180**
**निदेशक (उत्तर) धर्मशाला 01892–224965**
**निदेशक (मध्य) मण्डी 01905–223125**

कार्यकारी निदेशक